साधौ, डॉ. विजयलक्ष्मी

इंडियन नेशनल कांग्रेस

निर्वाचन क्षेत्र- महेश्वर (183)

पिता का नाम-	स्व. श्री सीताराम साधौ
जन्म तिथि-	13 नवम्बर,1959
जन्म स्थान-	मण्डलेश्वर
वैवाहिक स्थिति-	अविवाहित
शैक्षणिक योग्यता-	एम. बी. बी. एस.
व्यवसाय-	समाज सेवा
अभिरुचि-	पर्यटन स्थलों का भ्रमण
स्थायी पता-	7, महात्मा गाँधी मार्ग, मण्डलेश्वर जिला - खरगौन (म.प्र,) मोबाइल-9425392490, 8839460039 ई-मेल- vijaylaxmi.s@mpvidhansabha.nic.in
स्थानीय पता-	एम.आई.जी. 12, एम.एल.ए. क्वाटर्स (जवाहर चौक) भोपाल

सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-

1985 में आठवीं विधान सभा की सदस्य निर्वाचित तथा लोक लेखा, महिला एवं बाल कल्याण तथा अ.जा.,अ.ज.जा.तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति की सदस्य. म.प्र.गृह निर्माण मंडल की तीन वर्ष तक संचालक. 1985 में मास्को में आयोजित विश्व युवा सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व. सन् 1985-93 में म.प्र. युवक कांग्रेस (ई.) की महामंत्री. सन् 1986 में अमेरिका में हुए चुनावों का अध्ययन करने गए भारतीय दल की सदस्य. सन् 1989 में उत्तर कोरिया में आयोजित विश्व युवा सम्मेलन में भारतीय दल की सदस्य. 1989-90 में संसदीय सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा जेल विभाग. 1985 से निरंतर म.प्र. कांग्रेस कमेटी तथा 1990 से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सदस्य. भा.ज.पा. शासनकाल में कई बार जेल यात्रा. 1993 में दसवीं विधान सभा की सदस्य निर्वाचित एवं मंत्री पर्यटन, संस्कृति, बीस सूत्रीय कार्यक्रम, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं सार्वजनिक उपक्रम तदनंतर लोक निर्माण विभाग रही. सन् 1995 में जर्मनी, इंग्लैण्ड, मलेशिया, सिंगापुर, फिलीपीन्स एवं बैंकाक की यात्रा की. सन् 1996 में लंदन में आयोजित विश्व पर्यटन मेले में भाग एवं फ्रांस, स्विटजरलैण्ड, इटली, स्पेन, एम्स्टर्डम एवं दुबई की यात्रा. 1997 में बर्लिन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मेले में भाग. 1998 में ग्यारहवीं विधान सभा की सदस्य निर्वाचित एवं मंत्री नर्मदा घाटी विकास तदनंतर समाज कल्याण विभाग रही. म.प्र. कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष. अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव.सन् 2008 में तेरहवीं विधान सभा की सदस्य निर्वाचित. राज्यसभा की सदस्य निर्वाचित होने पर दिनांक 22 जून, 2010 को विधान सभा की सदस्यता से त्यागपत्र. मार्च 2013 में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल की सदस्य के रूप में इक्वेडोर की राजधानी क्यूटो की यात्रा.

सन् 2018 में पांचवीं बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित. दिनांक 29 दिसम्बर, 2018 से मंत्री संस्कृति, चिकित्सा शिक्षा, आयुष विभाग तदनंतर दिनांक 13 मार्च से 20 मार्च, 2020 तक महिला एवं बाल विकास विभाग का अतिरिक्त प्रभार रहा.